Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding drug addiction of youth in Harayana.

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा) : माननीय सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । आज सुबह ही क्वेश्चन आवर में जनरल पब्लिक के लिए एक इम्पॉर्टेंट इश्यू - 'युवाओं में बढ़ता हुआ नशा' उठा था । इस इश्यू के ऊपर बहुत से सवाल-जवाब हुए । इस विषय के बारे में हमारे दिल्ली के सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा जी ने भी बहुत अच्छा सवाल किया । केन्द्र सरकार ने पूरे भारतवर्ष में ऐसे 272 डिस्ट्रिक्ट्स चिन्हित किए हैं, जिनमें यह मामला बहुत सीरियस है ।

सभापति महोदय, इसमें हमारे हरियाणा के दस जिले आते हैं और उनमें मेरी लोक सभा कांस्टिट्युएंसी के दो जिले भी इसके अंदर आते हैं । मैं यही कहना चाहूंगी कि आज सुबह स्पोर्ट्स मिनिस्टर जी से बहुत सवाल-जवाब हुए और आदरणीय अध्यक्ष जी ने 'स्पोर्ट्स' विषय के ऊपर चर्चा कराने की भी बात कही ।

अत: मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहती हूं कि 'नशा' विषय के ऊपर भी संसद में चर्चा होनी चाहिए । दूसरा, ये जो स्पेशल डिस्ट्रिक्ट्स चिन्हित किए गए हैं, उनमें मेरी लोक सभा के फतेहाबाद और सिरसा जिले आते हैं और एक क्षेत्र नरवाना भी आता है । इन जिलों में अभी तक की क्या प्रोग्रेस है और आगे की क्या प्लानिंग है, मैं आपके माध्यम से इसके बारे में माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।